भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1478**

जिसका उत्तर 13.02.2025 को दिया जाना है

**गुजरात में पीएम गति शक्ति योजना**

1478. श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमा:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात में पीएम-गति शक्ति योजना के कार्यान्वयन की जिलेवार वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ख) सरकार द्वारा राज्य में पीएम-गति शक्ति योजना के कार्यान्वयन में तीव्रता लाने के लिए क्या प्रमुख पहलें की गई हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ख) गुजरात राज्य की परियोजनाओं सहित देश की सभी राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) विकास परियोजनाएं प्रधानमंत्री (पीएम) - गति शक्ति - राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के सिद्धांतों के अनुरूप बनाई जाती हैa।

सरकार ने गुजरात राज्य सहित देश में राष्ट्रीय राजमार्ग (रारा) परियोजनाओं की योजना और विकास के लिए पीएम गति शक्ति एनएमपी पोर्टल के उपयोग के लिए महत्वपूर्ण पहलें शुरू की हैं, जिनका सारांश निम्नानुसार है:

**(i)** भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित रारा नेटवर्क और अन्य बुनियादी ढांचे के घटकों को पोर्टल पर अपलोड किया गया है**;**

**(ii)** परियोजना निगरानी सूचना प्रणाली (पीएमआईएस) और डेटा लेक के परियोजना निगरानी पोर्टलों के साथ एनएमपी पोर्टल का एपीआई एकीकरण पूरा किया गया है**;**

**(iii)** राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना के आकार पर ध्यान दिए बिना एनएमपी पोर्टल का उपयोग करते हुए डीपीआर तैयार करना अनिवार्य कर दिया गया है।

**(iv)** क्षेत्र विकास दृष्टिकोंण के आधार पर परियोजना नियोजन, संरेखण अनुकूलन और सत्यापन के लिए एनएमपी पोर्टल पर उपलब्ध कई साधनों का उपयोग करके रारा विकास परियोजनाओं के लिए डीपीआर तैयार करने हेतु मानक संचालन प्रक्रियाएं (एसओपी) विकसित की गई हैं।

**(v)** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई), राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल), सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) जैसी परियोजना निष्पादन एजेंसियों के अधिकारियों और राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं से संबंधित राज्य सरकार के अधिकारियों को एनएमपी पोर्टल तक सुलभता प्रदान करने के लिए **1,000** से अधिक लॉगिन क्रेडेंशियल बनाए गए हैं।

**(vi)** **निष्पादन एजेंसियों के अधिकारियों के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिए एनएमपी पोर्टल का उपयोग करने के लिए समय-समय पर विभिन्न परिचय कार्यशालाओं के साथ-साथ व्यावहारिक कार्यशालाएं आयोजित की गई हैं।**

*****